31/05/2026 आकाशवाणी, भोपाल 2.10PM

दोपहर समाचार

पीएम - मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से भीषण गर्मी के मौजूदा मौसम के दौरान अत्यधिक सावधानी बरतने और सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की है।

वहीं प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नीदरलैंड्स की अपनी हाल की यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि नीदरलैंड्स सरकार ने चोलकालीन ताम्र-पट्टिकाएं भारत को लौटाई हैं। इससे दुनिया भर के तमिल समुदाय विशेष उत्साह है। उन्होंने कहा कि ये पट्टिकाएं चोल साम्राज्य की समुद्री ताकत और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ उनके संबंधों को दर्शाती हैं।

नए नौसेना प्रमुख

एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन ने आज 27वें नौसेना प्रमुख का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी का स्थान लिया है। एडमिरल स्वामीनाथन ने बताया कि चुनौतीपूर्ण, जटिल और अनिश्चितताओं से भरे परिवेश को देखते हुए नौसेना सक्रिय रूप से तैनात है। उन्होंने कहा कि नौसेना का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और इसे श्रेष्ठतम स्तर की युद्ध-क्षमता से लैस किया जाएगा।

जनगणना

प्रदेश में जनगणना 2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण और मकान की गणना का फील्ड कार्य कल 30 मई को पूर्ण कर लिया गया है। इस बार जनगणना की प्रक्रिया पूरी तरह से डिजिटल माध्यमों से संचालित की गई। राज्य में जनगणना के प्रथम चरण का कार्य 55 जिले, 425 नगरीय निकाय और 449 तहसीलों के अंतर्गत 54 हजार 923 ग्रामों में संपादित किया गया है। प्रदेष में इस अभियान के तहत एक लाख 37 हजार से भी अधिक मकान सूचीकरण ब्लाॅकों में एक लाख 44 हजार से अधिक प्रकणकों द्वारा कार्य संपादित किया गया। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी 2027 में संपादित किया जाएगा। इस चरण में परिवार के सदस्यों से निर्धारित जानकारी एकत्र की जाएगी।

मौसम

राजधानी भोपाल में कल तेज हवाओं ने मौसम का रुख बदल दिया। तेज आंधी के कारण शहर के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति भी प्रभावित रही। रात करीब 12.30 बजे से सुबह 3 बजे तक भोपाल में तेज हवाएं चलती रहीं। कई क्षेत्रों में बिजली गुल होने की शिकायतें सामने आईं। मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले घंटों में भी प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश और तेज हवाओं की गतिविधियां जारी रह सकती हैं। मौसम विभाग ने आज देवास, सीहोर, राजगढ़, आगर-मालवा, छतरपुर, कटनी, उमरिया और शहडोल जिलों में भारी बारिश और ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा प्रदेश के अधिकांश जिलों में गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है। हवा की रफ्तार 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

समाचार संक्षेप में:-

ऽ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज षाजापुर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शुजालपुर में कॉलेज चलो अभियान एवं प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने यहां आयोजित रोड शो में भी सहभागिता की।

ऽ रायसेन जिले के ग्राम सेमरी की अंजना यादव ने विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट-8848.86 मीटर पर सफलतापूर्वक तिरंगा फहराकर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया है।

ऽ मादा चीता निरवा और उसके तीन शावकों को उनके बाड़े से निकालकर कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़ दिया गया। इससे, अब यहं ा चीतों की संख्या 20 हो गई है। इनकी रेडियो टेलीमेट्री सिस्टम से लगातार निगरानी की जा रही है।

ऽ राज्य षासन द्वारा समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति की आज आगर मालवा में बैठक हुई।

ऽ नर्मदापुरम जिले के पिपरिया क्षेत्र में पुरुषोत्तम मास (अधिकमास) के 15 दिन पूरे होने के अवसर पर आज सांडिया स्थित नर्मदा तट पर धार्मिक मेले का आयोजन हुआ।